'पत्रिका गेट' जयपुर

प्रिलिम्स के लिये:

पत्रिका गेट, मिशन अनुपम, विश्व धरोहर स्थल

मेन्स के लिये:

जयपुर, नगरीय योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा जयपुर (राजस्थान) में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'पत्रिका गेट' (Patrika Gate) का उद्घाटन किया गया।

प्रमुख बिंदु:

- गेट का निर्माण 'राजस्थान पत्रिका प्रकाशन समूह' (मीडिया समूह) द्वारा जवाहर लाल नेहरू मार्ग (जयपुर का प्रमुख सड़क) पर किया गया है।
- यह 'जयपुर विकास प्राधिकरण' (Jaipur Development Authority- JDA) के 'मिशन अनुपम' (Mission Anupam) के तहत एक स्मारक के रूप में बनाया गया एक प्रतिष्ठित द्वार है।

जयपुर, विश्व विरासत स्थल:

- यूनेस्को द्वारा 'विश्व धरोहर स्थल' (World Heritage Site) के रूप में जयपुर को मान्यता दी गई है। 'पत्रिका गेट' का निर्माण इसी को ध्यान में रखते हुए किया गया था।
- वर्ष 2019 में जयपुर ऐसी मान्यता प्राप्त करने वाला अहमदाबाद के बाद देश का दूसरा नगर बन गया है।
- भारत में 38 विश्व धरोहर स्थल हैं, जिनमें 30 सांस्कृतिक स्थल, 7 प्राकृतिक स्थल और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं।

जयपुर, नगरीय योजना के रूप में:

- जयपुर नगर (चारदीवारी वाला नगर) की स्थापना वर्ष 1727 में सवाई जय सिंह द्वितीय द्वारा की गई थी।

- जयपुर नगर को वैदिक वास्तुकला के प्रकाश में व्याख्यायित ग्रिड योजना के अनुसार बसाया गया था।
- नगर की सड़कों के दोनों तरफ उपनिवेश काल से व्यवसाय की सुविधा है। ये सड़कें बड़े चौराहों जिन्हें चौपड़ कहा जाता है, पर एक-दूसरे से मिलती हैं।
- नगर की योजना में प्राचीन हिंदू , मुगल और पश्चिमी संस्कृतियों के तत्त्वों का प्रयोग किया गया है।
- ग्रिड योजना सामान्यत: पश्चिम देशों द्वारा नगरों की स्थापना में अपनाई जाने वाली विधि है, जबकि विभिन्न शहर क्षेत्रों (चौकी) का संगठन पारंपरिक हिंदू अवधारणाओं को संदर्भित करता है।
- नगर को एक वाणिज्यिक राजधानी के रूप में डिज़ाइन किया गया था जो अपनी स्थानीय वाणिज्यिक और सहकारी परंपराओं को अभी तक बनाए हुए है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patrika-gate-in-jaipur